Spark competition 2024- Ms. Samiksha

आरएन.आई.न. एमपीएच आईएन/2013/49198
डाक पंजीयन म.प्र./भोपाल/4-426/2016-18

दैनिक
भोपाल महानगर
संपादक : जय राव्य
अभिव्यक्ति की शक्ति

वर्ष : 11 | अंक : 133 | प्रातःकालीन | भोपाल, मंगलवार 11 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 1

राधारमण की छात्रा समीक्षा ने प्रतियोगिता स्पार्क 2024 में लहराया परचम

भोपाल प्रतिनिधि

राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज रिसर्च हॉस्पिटल भोपाल की बीएएमएस द्वितीय वर्ष की छात्रा समीक्षा तायडे ने सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद एण्ड सिद्धा, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता स्पार्क 2024 में परचम लहराया है। छात्रा समीक्षा तायडे ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और मेहनत के बल पर राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए चयनित छात्र-छात्राओं के बीच अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से देश भर से चयनित छात्र-छात्राओ को रिसर्च के लिए सेंट्रल कार्उसिल द्वारा अनुदान प्रदान किया जावेगा । इस उपलब्धि से न केवल संस्थान का बल्कि पूरे मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ा है। प्रतियोगिता में शामिल किए गये रिसर्च पेपर को समीक्षा ने डॉ. कोमल मोटगरे, सहायक प्राध्यापक, रस शास्त्र तथा भैषज्य कल्पना विभाग के मार्गदर्शन में तैयार किया था।

स्पार्क 2024 में देशभर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था, जिसमें राधारमण आयुर्वेद मेडीकल कॉलेज छात्रा ने अपने रिसर्च प्रपोजल के जरिए तकनीकी ज्ञान, नवाचार और मेहनत का प्रदर्शन कर यह स्थान प्राप्त किया। अपनी स्थापना के तृतीय वर्ष में ही राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ... स्थान बना लेना इस बात का द्योतक है की महाविद्यालय में छात्रों को उच्च कोटि का शिक्षक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस सफलता के लिए संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र कुमार मिश्रा और उप-प्राचार्य डॉ. प्रमेन्द्र रघुवंशी ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर राधारमण ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन आर. आर. सक्सेना ने कहा, हमारी छात्रा की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान के बेहतरीन शिक्षण माहौल का परिणाम है। राधारमण ग्रुप छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र देशभर में ...